# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

www.avadhkaawaz.com

वर्ष–10 अंक–178 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ शुक्रवार 29 अक्टूबर 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया


## पाक की जीत का जश्न मनाना देशद्रोह जम्मू-कश्मीर के तीन छात्र आगरा में गिरफ्तार

अवधकी आवाज

आगरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय ने आज सुबह ट्वीट कर कहा है कि पाकिस्तान की जीत का जश्न मनाने वालों पर देशद्रोह का आरोप लगाया जाएगा। एक दिन पहले ही टी 20 विश्व कप में भारत पर पाकिस्तान की जीत का कथित तौर पर जश्न मनाने के लिए आगरा में तीन कश्मीरी छात्रों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ये तीनों आरोपी आगरा के राजा बलवंत सिंह कॉलेज के इंजीनियरिंग के छात्र हैं। अर्शीद यूसुफ और इनायत अल्ताफ शेख अपने कॉलेज के तीसरे वर्ष में हैं। जबकि शौकत अहमद गनई चौथे वर्ष का छात्र है। इन तीनों पर उन पर धर्म और साइबर–आतंकवाद के आधार पर समुदायों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक ट्वीट



से संकेत मिलता है कि उन्हें देशद्रोह के आरोपों का भी सामना करना पड़ सकता है। कॉलेज ने सोमवार को तीनों छात्रों को यह कहते हुए निलंबित कर दिया था कि वे भारत–पाकिस्तान मैच के बाद ष्पाकिस्तान के पक्ष में स्थिति पोस्ट कर अनुशासन हीनता के कार्य में शामिलष पाए गए थे। इसी मामले में उत्तर प्रदेश में चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से तीन गिरफ्तारी बरेली में और एक लखनऊ में हुई है। आगरा शहर के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया। मैच के बाद यह घटना सामने आई जिसमें राष्ट्र विरोध ी टिप्पणी की गई थी। इस बारे में हमें एक शिकायत मिली और एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी. जांच के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कॉलेज में कथित तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करने वाली नारेबाजी की खबर जानकर दक्षिणपंथी समूह के कई नेता बिचपुरी स्थित कॉलेज परिसर पहुंचे गए और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. वहां मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से बीजेपी और दूसरे गुट के नेताओं की भिड़ंत हो गई।

## युवा सम्मेलनों के माध्यम से भाजपा आज के युवाओ से सीधा संपर्क साधेगा–धर्मेंद्र प्रधान

अंवध की आवाज

लखनऊ। प्रदेश मुख्यालय में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी जी के अध्यक्षता में लखनऊ में भाजयुमो कार्यक्रम युवोत्थान युवा सम्मेलन शुभारंभ माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश विधानसभा प्रभारी श्री धर्मेंद्र प्रधान जी द्वारा भाजपा उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय, में किया जा रहा है। शुभारंभ उद्बोधन में ध र्मेंद्र प्रधान जी ने कहा जब से केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री मोदी जी बने हैं तब से डिजिटल प्लेटफार्म का गतिविधियां बड़ी है। उन्होंने ने सरकार में युवाओं को लेकर सरकार की योजनाओं को बढ़ावा मिला है उसके बारे में बताया उन्होंने कहा युवा मोर्चा इस कार्यक्रम के माध्यम द्वारा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जुड़ेगा। उत्तर प्रदेश के 14 शहरों में आयोजित किये जा रहे युवा सम्मेलनों के माध्यम से भाजपा आज के युवाओ से सीधा संपर्क साधेगा। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों में मुख्यतः युवा, डॉक्टर, प्रबंधन व विधि छात्र, आयुर्विज्ञान छात्र, बैंककर्मी, स्टार्टअप संस्थापक, युवा उद्यमी व सांस्कृतिक समाज के युवा शामिल होंगे। प्रत्येक सम्मेलन में एक मुख्य नेता एवं प्रेरणादायक युवा आइकन को आमंत्रित करके युवाओं का



मार्गदर्शन किया जाएगा। प्रत्येक सम्मेलन में प्रतिभागियों को युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री तेजस्वी सूर्या जी और केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर जी जैसे प्रमुख नेताओं एवं श्रीमती बबिता फोगट और सुश्री साइना नेहवाल जैसी प्रभावशाली हस्तियों से सीधा वार्तालाप करने हेतु उचित मंच दिया जाएगा। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त दिवेदी ने बताया देश की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को युवा सम्मेलनों में भाग लेने के लिए वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कराया जायेगा। युवोत्थान में अर्थव्यवस्था, व्यापारिक आसानी, उच्च शिक्षा, रोजगार, आध ुनिकीकरण एवं बुनियादी विकास जैसे मुद्दों पर उठाये गए भाजपा के कदमों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी एवं इसमें युवोत्थान युवा सम्मेलन में युवाओं के प्रश्न विभिन्न ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यमों से चुने जाएंगे। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं वॉलिंटियर प्रदेश के कई कॉलेजों, मॉल्स और अपार्टमेंट्स में जाकर युवाओं से जुड़कर उनको सम्मलेन में आमंत्रित करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा की सह प्रभारी श्रीमती अर्चना मिश्रा जी में उपस्थित रही। प्रदेश के मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ल ने बताया यह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा की तरफ से प्रदेश के महामंत्री हर्षवर्धन सिंह प्रदेश का संयोजक बनाया गया है और प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित मिश्रा प्रदेश मंत्री अरुण सिंह दोनों लोगों को सह संयोजक बनाया गया ।

## संक्षिप्त समाचार





अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। दिनांक 27 दस 2021 को विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी परिसर में दिव्यागजनो को श्री पंकज गुप्ता माननीय विधायक विधानसभा क्षेत्र उन्नाव के कर कमलों द्वारा ट्राई साइकिल एवं वैशाखी का वितरण शिविर के माध्यम से किया गया





उन्नाव। दिनांक 28.10.2021 को पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव द्वारा थाना माखी व थाना फतेहपुर चौरासी का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क, भोजनालय व बैरक आदि का मुआयना किया गया तथा अभिलेखों के रखरखाव के संदर्भ में सभी संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## आनंद कुमार कुरील की जघन्य हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन

अवध की आवाज

कानपुर नगर। भारतीय दलित पैंथर नगर ईकाई के तत्वाधान में विवेक सिनेमा तिराहा पर ग्राम पनउपुरवा चौबेपुर कानपुर नगर में अनुसूचित जाति के व्यक्ति आनंद कुमार कुरील की जघन्य हत्या किए जाने के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन दर्ज किया गया। भारतीय दलित पैंथर का प्रतिनिधि मंडल पुलिस कमिश्नर आवास पर जाकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। भारतीय दलित पैंथर के प्रांतीय सचिव एडवोकेट विजय सागर ने ग्राम पनउपुर चौबेपुर कानपुर नगर मैं दलित समाज के व्यक्ति आनंद कुरील की पुलिस मौजूदगी में सवर्णों द्वारा जघन्य हत्या किए जाने का पुरजोर विरोध ा किया और साथ ही मांग की कि पीड़ित परिवार के व्यक्ति को 50 लाख का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी अविलंब दिया जाए। पूरे प्रकरण की सीबीआई से जांच कराई जाए और दोषी व्यक्तियों का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चला कर दंडित किया जाए। विरोध प्रदर्शन कैंडल मार्च में प्रमुख रूप शैलेन्द्र कुमार(सप्ष्)उमेश पैंथर एडवोकेट नरेंद्र सिंह यादव एडवोकेट पंडित रविंद्र शर्मा राहुल गौतम एडवोकेट सुशील गौतम बबलू वाल्मीकि चांद भाई शंकर कल्लू अंबेडकर रिजवान सुरेंद्र पैंथर एडवोकेट बाबूलाल एडवोकेट संतोष धीवान अरुण बाघमार श्यामा जी राकेश श्रीवास्तव संतोष कुमार मिन्टू सुमित गुप्ता राम विलास कोविंदआदि लोग शामिल थे।



## अवैध निर्माण सील किया गया

अवध की आवाज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा लखनऊ शहर में अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही जारी रखने के निर्देशों के क्रम में आज जोनल अधि ाकारी/विहित प्राधिकारी–प्रवर्तन, जोन–6 कमल जीत सिंह ने बताया कि थाना–वजीरगंज के अन्तर्गत शफिया खातून पत्नी सलीम द्वारा लल्लूमल मन्दिर रोड, बाग शेरगंज, वजीरगंज, लखानऊ पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लगभग 250 वर्गमीटर भूखण्ड के क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से बेसमेण्ट तथा तीन मंजिला निर्माण कार्य किये जाने पर अवर अभियंता सुशील वर्मा व कुलदीप कुमार त्यागी द्वारा प्राधिकरण व क्षेत्रीय पुलिस बल की सहायता से सील किया गया।



## जालसाजी करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो


उन्नाव। पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल मार्गदर्शन एवं अपर पुलिसअधीक्षक महकोतवोत्राधिकारी यश के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध ा एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा जालसाज हिट्रीशीटर अभियुक्त को लाइसेन्सी रिवाल्वर .32 बोर मय 04 खोखा कारतूस .32 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। दिनांक 26.10.2021 को वादी मुकदमा विमलेश कुमार पुत्र उमाशंकर तिवारी नि0 157 ए0बी0 नगर थाना कोतवाली उन्नाव (मो0नं0 7355268878) की लिखित तहरीर पर विरुद्ध शुभम उर्फ बाबू त्रिपाठी के बावत वादी का लाइसेन्सी रिवाल्वर में कुछ खराबी होने के कारण यह कह कर ले लेना कि वह उसे ठीक करा देगा परन्तु बाद में वापस न करने के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 804/21 धारा 406 भादवि पंजीकृत किया गया। अभियोग पंजीकृत होने के पश्चात वादी मुकदमा से रुपयों की मांग व जान से मार डालने की धमकी देने लगा । पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त में जुर्म धारा 384/506 भादवि की बढोत्तरी की गयी। जिसमें आज दिनांक 28.10.2021 को कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शुभम त्रिपाठी उर्फ बबलू पुत्र ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी नि0 478 जवाहरनगर थाना कोतवाली सदर उन्नाव को धोबिन पुलिया राजधानी मार्ग शुक्लागंज से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित एक अदद रिवाल्वर लाइसेन्सी .32 बोर तथा 04 अदद खोखा कारतूस .32 बोर बरामद हुआ ।



## अब थाना दिवस और तहसील दिवस पर किसान मंच द्वारा पीड़ितों के लिए स्थापित होगे जन सुनवाई केन्द्र, शिव प्रकाश सिंह

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। किसान मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद सिंह के दिशा निर्देशों के अनुपालन में किसानों, मजदूरों, गरीबों और पीड़ितों की समस्यायों के निराकरण हेतु शासन और प्रशासनिक अमले द्वारा की जा रही लापरवाही के चलते आम जनमानस की समस्यायों का निराकरण सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह जाता हैं। कार्रवाई को असली जामा पहनाने के लिए पीड़ितों को न्याय हेतु दर दर भटकना पड़ता है! किसान मंच के हम सभी पदाधि ाकारियों की जिम्मेदारी है कि तहसील दिवस और थाना दिवस पर जन सुनवाई केंद्रों द्वारा गरीबों हेतु न्याय और हकों के लिए,प्रशासनिक जिम्मेदारी और जवाबदेही हासिल करने के लिए संघर्ष किया जाएगा!यह बात किसान मंच राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही है। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व बनता है कि अपने हकों के लिए सड़कों पर संघर्ष और आंदोलनों के जरिए असली जामा पहनाकर अपने हकों



के लिए संघर्ष करें। शासन और प्रशासन की संलिप्तता के चलते भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है!केन्द्र सरकार द्वारा पूंजी पतियों को विक्री की जा रही सम्पत्ति इस बात का प्रमाण है कि हम सभी का भविष्य बहुत ही अंधकारमय है!हर तरफ बढ़ रही मंहगाई आम जन मानस को सोंचने के लिए मजबूर करती है कि अभी शुरुआत है,जब हम सभी इस दुर्दशा में पहुंच रहे हैं,फिर आने वाला कल कैसा होगा? इस संबंध में जिम्मेदार,जनता जनार्दन को गुमराह कर अपना उल्लू सीधा करने में व्यस्त हैं!समय आ चुका है। हम सभी को अपने हकों के लिए धरातल पर संघर्ष कर अपने हक हासिल करने होंगे।

## मजदूरों के साथ ठगी और फर्जी रिपोर्ट लगाने को लेकर मजदूरों ने जिलाधिकारी से जांच की लगाई गुहार साथ ही भुगतान की मांग की

अवध की आवाज

पिरौना (जालौन) कोंच ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिरौना के जॉबकार्ड धारको ने बुधवार को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की पत्र में लिखा कि हम मजदूरों ने पिछले वर्ष कोरोना महामारी के चलते हम लोगो ने मजदूरी की थी। जिसमे नाला खुदाई, सड़क, एवम गूल खुदाई के साथ आवासों की मजदूरी आदि कार्य किया था। लेकिन तब से अब तक हम लोगो को मजदूरी नही मिली साथ ही मजदूरों ने बताया कि पिछले दिनों हम लोगो ने उपजिलाधिकारी कोंच को शिकायती पत्र के माध्यम से भुगतान की मांग की थी। जिसको लेकर आज तक कोई कार्यवाही नही की गई। मजदूरों ने ग्राम पंचायत अधिकारी सुमित कुमार यादव व पंचायत मित्र पंकज सैनी से कई बार रुपयों की मांग की। लेकिन आजकल कहकर टालते रहे और आज कहते हैं कि तुमने कोई काम ही नही किया जिनमे



कुछ लोगो ने सीएम हेल्पलाइन 1076 पर अपनी अपनी शिकायते भी की। लेकिन सचिव शिकायत में गलत रिपोर्ट लगा देते जिससे हम लोगो को अभी तक मजदूरी का पैसा नही मिला साथ मे यह भी बताया कि सचिव द्वारा शिकायत का फर्जी निस्तारण किया जाता है। किसी के निस्तारण में लिख देते की इन्होंने काम ही नही किया। इनका जॉबकार्ड नही बना, इनका जॉबकार्ड साइट से डिलीट हो गया। किसी के शिकायत के निस्तारण में लिखता की एक सप्ताह में भुगतान करा दिया जाएगा जब भुगतान नही मिलता तो दुबारा शिकायत करते तो उसमें भी गलत रिपोर्ट लगाकर कहते कि यह शिकायत करने का आदी है। मजदूरों ने एक जुट होकर जिलाधिकारी से ग्राम पंचायत अधिकारी सुमित कुमार यादव व पंचायत मित्र पंकज सैनी को हटाए जाने व मजदूरी दिलाये जाने की गुहार लगाई।

## विद्युत कनेक्शन लिया नहीं लेकिन विभाग ने भेजा 16000 का बकाया

### पीड़ित ने बयां किया अपना दर्द कहा विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलकर लापरवाही करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की करेंगे मांग

अवध की आवाज ब्यूरो

मनकापुर गोंडा। विकासखंड पंडरी कृपाल ब्लॉक क्षेत्र मुंडेरवा कला के रहने वाले उदय राज पुत्र नरसिंह नारायण ने बताया कि हम विद्युत कनेक्शन लिए भी नहीं है। उसके बावजूद हमारे नाम पर16258 रुपए बकाया रसीद विभाग द्वारा भेज दिया गया है। जिसको लेकर पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत ऑनलाइन किया गया है। उदय राज ने बताया कि हमारे द्वारा आज तक कोई भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिया गया है और ना ही हमारे द्वारा कहीं कोई विद्युत संबंधित पत्र दिया गया है लेकिन उसके बावजूद हमारे नाम पर रु16258 बकाया की पर्ची हमारे घर पर भेजी गई है जो सरासर गलत है। पीड़ित ने यहां तक बताया कि जो विभाग द्वारा बकाया रसीद भेजा गया है। उसमें जो मोबाइल नंबर है। वह भी गलत है। पीड़ित ने बताया कि विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलकर गुहार लगाएंगे कि किसके द्वारा मेरे साथ गलत किया गया उसके खिलाफ कार्रवाई हो।



## दो दिन पूर्व तैनाती के बाद एसडीएम श्रद्धा सिंह निकली क्षेत्र भ्रमण

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर निघासन खीरी। दो दिन पूर्व तैनाती के बाद एसडीएम श्रद्धा सिंह निकली क्षेत्र भ्रमण पर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों पढुआ,गजियापुर, गिरिजा बैराज,खैरटिया आदि का किया भ्रमण।बाढ़ क्षेत्रों का भ्रमण करने के बाद अचानक पहुंची तिकुनियां मंडी समिति। मंडी समिति में धान खरीद के सम्बंध में ली जानकारी।किसानों से की बात, साथ ही उनको अपनी फसल बेचने के लिए किसी तरह की समस्या की जानकारी ली। कुछ किसानों ने मंडी समिति के अधिकारियों द्वारा धान न खरीदने की शिकायत। एसडीएम श्रद्धा सिंह ने तुरंत मंडी समिति के कर्मचारियों को लगाई फटकार,मंडी समिति में सभी किसानों का धान खरीदने के दिए निर्देश।शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार धान खरीद में हीला हवाली करने पर मंडी समिति के अधिकारियों पर कार्रवाई करने की बात कही।तिकुनियां से निकलकर पहुंची सिंगाही थाना,वहां पर आगामी त्यौहारों को लेकर चल रही पीस कमेटी में भाग लिया।



# सम्पादकीय

## राष्ट्रीय आदिवासी नश्त्य महोत्सव : बैगा और माड़िया जनजाति के प्रमुख लोक नश्त्य का उत्सव

राष्ट्रीय आदिवासी नश्त्य महोत्सव में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, लोक गीत, नश्त्य और संपूर्ण कलाओं से देश–विदेश परिचित होगा। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में यह आयोजन 28 से 30 अक्टूबर तक किया जा रहा है। राजधानी का साइंस कॉलेज मैदान आयोजन के लिए सज–धज कर तैयार हो चुका है। इस महोत्सव में विभिन्न राज्यों के आदिवासी लोक नर्तक दल के अलावा देश–विदेश के नर्तक दल भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य की 5 विशेष पिछड़ी जनजातियों में से एक बैगा जनजाति है। राज्य के कबीरधाम, मुंगेली, राजनांदगांव, बिलासपुर और कोरिया जिले में निवासरत है। बैगा जनजाति अपने ईष्ट देव की स्तुति, तीज–त्यौहार, उत्सव एवं मनोरंजन की दृष्टि से विभिन्न लोकगीत एवं नश्त्य का गायन समूह में करते हैं। इनके लोकगीत और नश्त्य में करमा, रीना–सैला, ददरिया, बिहाव, फाग आदि प्रमुख हैं। इसी प्रकार दण्डामी माड़िया जनजाति गोंड जनजाति की उपजाति है। सर डब्ल्यू. वी. ग्रिगसन ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'द माड़िया जनजाति के सदस्यों द्वारा नश्त्य के दौरान पहने जाने वाले गौर सींग मुकुट के आधार पर 'बायसन हार्न माड़िया' जनजाति नाम दिया। प्रसिद्ध मानव वैज्ञानिक वेरियर एल्विन का ग्रंथ 'द माड़िया–मर्डर एंड सुसाइड' (1941) दण्डामी माड़िया जनजाति पर आधारित है। बैगा और माड़िया जनजाति के रस्मों–रिवाजों पर आधारित प्रमुख लोक नश्त्य इस प्रकार हैं।

रीना सैला नश्त्य

बैगा जनजाति का प्रकृति एवं वनों से निकट संबंध है। जिसका बखान इनके लोक संस्कृति में व्यापक रूप से देखने को मिलता है। बैगा जनजाति की माताएं, महिलाएं अपने प्रेम एवं वात्सल्य से देवी–देवताओं और अपनी संस्कृति का गुणगान गायन के माध्यम से उनमें गीत एवं नश्त्य से बच्चों को परिचित करने का प्रयास करती है। साथ ही बैगा माताएं अपने छोटे शिशु को सिखाने एवं वात्सल्य के रूप में रीना का गायन करती हैं। महिलाएं सफेद रंग की साड़ी धारण करती हैं। गले में सुता–माला, कान में ढार, बांह में नागमोरी, हाथ में चूड़ी, पैर में कांसे का चूड़ा एवं ककनी, बनुरिया से श्रश्ंगार करती हैं। वाद्य यंत्रों में ढोल, टीमकी, बांसुरी, ठीसकी, पैजना आदि का प्रयोग किया जाता है।

सैला बैगा जनजाति के पुरुषों के द्वारा सैला नश्त्य शैला ईष्ट देव एवं पूर्वज देव जैसे–करमदेव, ग्राम देव, ठाकुर देव, धरती माता तथा कुल देव नांगा बैगा, बैगीन को सुमिरन कर अपने फसलों के पक जाने पर धन्यवाद स्वरूप अपने परिवार के सुख–समश्द्धि की स्थिति का एक–दूसरे को शैला गीत एवं नश्त्य के माध्यम से बताने का प्रयास किया जाता है। पुरुष धोती, कुरता, जॉकेट, पगड़ी, पैर में पैजना, गले में रंगबिरंगी सूता माला धारण करते हैं। वाद्य यंत्रों में मांदर, ढोल, टीमकी, बांसुरी, पैजना आदि का प्रमुख रूप से उपयोग करते हैं। बोली बैगा जनजाति द्वारा रीना एवं शैला का गायन स्वयं की बैगानी बोली में किया जाता है। यह नश्त्य प्रायः क्वार से कार्तिक माह के बीच मनाए जाने वाले उत्सवों, त्यौहारों में किया जाता है।

दशहेरा करमा नश्त्य

बैगा जनजाति समुदाय द्वारा करमा नश्त्य भादो पुन्नी से माधी पुन्नी के समय किया जाता है। इस समुदाय के पुरुष सदस्य अन्य ग्रामों में जाकर करमा नश्त्य के लिए ग्राम के सदस्यों को आवाहन करते हैं। जिसके प्रतिउत्तर में उस ग्राम की महिलाएं श्रश्ंगार कर आती हैं। इसके बाद प्रश्नोत्तरी के रूप में करमा गायन एवं नश्त्य किया जाता है। इसी प्रकार अन्य ग्राम से आमंत्रण आने पर भी बैगा स्त्री–पुरुष के दल द्वारा करमा किया जाता है। करमा रात्रि के समय ग्राम में एक निर्धारित खुला स्थान जिस खरना कहा जाता है, जहां अलाव जलाकर सभी आयु के स्त्री, पुरुष एवं बच्चे नश्त्य करते हैं। अपने सुख–दुःख को एक–दूसरे को प्रश्न एवं उत्तर के रूप में गीत एवं नश्त्य के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं। करमा नश्त्य के माध्यम से बैगा जनजाति में परस्पर सामन्जस्य, सुख–दुःख के लेन देन के साथ ही नव युवक–युवतियां भी आपस में परिचय प्राप्त करते हैं। इस नश्त्य में महिला सदस्यों द्वारा विशेष श्रश्ंगार किया जाता है। जिसमें यह चरखाना (खादी) का प्रायः लाल एवं सफेद रंग का लुगड़ा, लाल रंग की ब्लाउज, सिर पर मोर पंख की कलगी, कानों में ढार, गले में सुता–माला, बांह में नागमोरी, कलाई में रंगीन चूड़िया एवं पैरों में पाजनी और विशेष रूप से सिर के बाल से कमर के नीचे तक बीरन घास की बनी लड़ियां धारण करती हैं, जिससे इनका सौंदर्य एवं श्रश्ंगार देखते ही बनता है। पुरुष वर्ग भी श्रश्ंगार के रूप में सफेद रंग की धोती, कुरता, काले रंग की कोट, जाकेट, सिर पर मोर पंख लगी पगड़ी और गले में आवश्यकतानुसार माला धारण करते हैं। वाद्य यंत्रों में मांदर, टिमकी, ढोल, बांसुरी, ठिचकी, पैजना आदि का उपयोग किया जाता है।

करसाड़ नश्त्य

दण्डामी माड़िया जनजाति नश्त्य के दौरान पहने जाने वाले गौर सींग मुकुट, बस्तर, दशहरा के अंतिम दिनों में चलने वाले विशालकाय काष्ठ रथ को खींचने का विशेषाधिकार और स्वभाव के लिए प्रसिद्ध है। इस नश्त्य में दण्डामी माड़िया पुरुष सिर पर कपड़े की पगड़ी या साफा, मोती, माला, कुर्ता या शर्ट, धोती एवं काले रंग का हाफ कोट धारण करते हैं। वहीं महिलाएं साड़ी, ब्लाउज, माथे पर कौड़िया से युक्त पट्टा, गले में विभिन्न प्रकार की माला और गले, कलाई, पैरों पर बाजार में मिलने वाले सामान्य आभूषण पहनती हैं। करसाड़ नश्त्य के लिए पुरुष सदस्य अपने गले में लटका कर ढोल एवं मांदर का प्रयोग करते हैं। महिलाएं लोहे के रॉड के ऊपरी सिरे में लोहे की विशिष्ट घंटियों से युक्त 'गुजिड़' नामक का प्रयोग करती हैं। एक पुरुष सदस्य सीटी का प्रयोग करता है, नश्त्य के दौरान सीटी की आवाज से ही नर्तक स्टेप बदलते हैं। नश्त्य के प्रदर्शन का अवसर दण्डामी माड़िया जनजाति में करसाड़ नश्त्य वार्षिक करसाड़ जात्रा के दौरान धार्मिक उत्सव में करते हैं। करसाड़ दण्डामी माड़िया जनजाति का प्रमुख त्यौहार है। करसाड़ के दिन सभी आमंत्रित देवी–देवताओं की पूजा की जाती है और पुजारी, सिरहा देवी–देवताओं के प्रतीक चिन्हों जैसे–डोला, छत्रा, लाट बैरम आदि के साथ जुलूस निकालते हैं। जुलूस की समाप्ति के पश्चात् शाम को युवक–युवतियां अपने विशिष्ट नश्त्य पोषाक में सज–सवरकर एकत्र होकर सारी रात नश्त्य करते हैं।

मांदरी नश्त्य

दंडामी माड़िया जनजाति नश्त्य के दौरान पहने जाने वाले गौर सींग मुकुट, बस्तर दशहरा के अंतिम दिनों में चलने वाले विशालकाय काष्ठ रथ को खींचने का विशेषाधिकार और स्वभाव के लिए प्रसिद्ध है। दंडामी माड़िया जनजाति के सदस्य नश्त्य के दौरान पहने जाने वाले गौर सींग मुकुट को माड़िया समुदाय के वीरता तथा साहस का प्रतीक मानते हैं।

इस नश्त्य की वेशभूषा में दंडामी माड़िया पुरुष सिर पर कपड़े की पगड़ी या साफा, मोती माला, कुर्ता या शर्ट, धोती एवं काले रंग का हाफ कोट धारण करते हैं। वहीं महिलाएं साड़ी, ब्लाउज, माथे पर कौड़ियों से युक्त पट्टा, गले में विभिन्न प्रकार की माला और गले, कलाई, पैरों पर बाजार में मिलने वाले सामान्य आभूषण पहनी हैं। वाद्य यंत्र मांदरी नश्त्य के लिए पुरुष सदस्य अपने गले में लटकाकर ढोल एवं मांदर वाद्य का प्रयोग करते हैं। महिलाएं लोहे के रॉड के ऊपरी सिरे में लोहे की विशिष्ट घंटियों से युक्त 'गुजिड़' का प्रयोग करती हैं। एक पुरुष सदस्य सीटी का प्रयोग करता है, नश्त्य के दौरान सीटी की आवाज से ही नर्तक स्टेप बदलते हैं।

यह नश्त्य दंडामी विवाह, मेला–मंड़ई, धार्मिक उत्सव और मनोरंजन के अवसर पर किया जाता है। विवाह के दौरान अलग–अलग गांवों के अनेक नर्तक दल विवाह स्थल पर आकर नश्त्य का प्रदर्शन करते हैं। जिसके बदले में उन्हें 'लांदा' (चावल की शराब) और 'दाड़गो' (महुए की शराब) दी जाती है। दंडामी माड़िया जनजाति के सदस्यों का मानना है कि गौर सींग नश्त्य उनके सामाजिक एकता, सहयोग और उत्साह में वश्द्धि करता है। वर्तमान में दंडामी माड़िया जनजाति का गौर सींग नश्त्य अनेक सामाजिक तथा सांस्कृतिक आयोजनों में भी प्रदर्शन के लिए किया जाता है।

# केंद्रीय विद्यालय परिसर में मस्जिद का होना

दृडॉ. मयंक चतुर्वेदी–

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में केंद्रीय विद्यालय नंबर–2 के परिसर में मस्जिद का अवैध रूप से बनना और विद्यालय समय में नमाजियों का सभी नियमों को ताक पर रखकर नमाज पढ़ना। वस्तुतः यह एक ऐसा गंभीर विषय है, जिस पर आज स्वयं इस्लाम को मानने वालों सहित सभी को चिंतित होना चाहिए। यह चिंता इसलिए भी की जानी चाहिए, क्योंकि शिक्षा के मंदिर का अपना एक सिस्टम है, उसमें इन नमाजियों का क्या काम ? इनके बेरोकटोक आने से एक ओर जहां अध्ययन में व्यवधान आता है तो दूसरी ओर इनके वाहनों के कारण से संपूर्ण परिसर भी संकट में आ जाता है। कई बार परिसर में छोटे–छोटे बच्चे भी तेज दौड़ते हुए नजर आते हैं, उनके जीवन के लिए भी खतरा है।

इसके साथ सवाल यह भी है कि जब अभिभावकों को आसानी से अंदर आने को नहीं मिलता, उन्हें अपनी पहचान बतानी पड़ती है और छुट्टी होने पर अपने बच्चे को घर ले जाने के लिए बाहर रहकर ही इंतजार करना होता है, तब ये नमाजी बिना रोक–टोक सिर्फ टोपी की पहचान से अंदर कैसे जाते हैं ? क्या भोपाल में मस्जिदों की कमी है जो इस्लाम के मानने वालों को केंद्रीय विद्यालय के भीतर अपनी एक मस्जिद जरूरी लगती है ? जबकि एक रिकार्ड के अनुसार भोपाल शहर में कुल 680 बड़ी मस्जिदें मौजूद हैं।

जनसंख्या के हिसाब से देखें तो 2011 की जनगणना में इस शहर की जनसंख्या 18 लाख थी जो 2021 में 23,64,000 लाख से कुछ अधिक होनी चाहिए और आगे यह एक अनुमान के अनुसार 2030 तक 28 लाख के करीब पहुंचेगी । इस संपूर्ण जनसंख्या में भोपाल में हिंदुओं की आबादी 56 प्रतिशत, मुस्लिम जनसंख्या 40 प्रतिशत है। जबकि अन्य पंथ–धर्म को मानने वालों की जनसंख्या चार प्रतिशत है। भोपाल की जनसंख्या का घनत्व 10,070 प्रत्येक वर्ग किलोमीटर है। जिसमें महिलाओं की कुल जनसंख्या लगभग 11 लाख एवं पुरुषों की कुल जनसंख्या 12 लाख से कुछ अधिक है। यदि आप इस जनसंख्या के हिसाब से भी मंदिर और मस्जिद निर्माण की संख्या गिनेंगे तब भी आपको आश्चर्य होगा, क्योंकि जो 680 मस्जिदें शहर में बनी हुई हैं, उसकी तुलना में यहां हिन्दू आबादी के अनुसार एक हजार से अधिक बड़े मंदिर वर्तमान में होने चाहिए थे, जो धरातल पर कहीं नहीं दिखाई देते हैं। जब कोई बड़े मंदिरों की संख्या उंगलियों पर गिनना चाहे तब भी उसे बड़े मंदिरों के नाम पर 100 की संख्या गिनना मुश्किल हो जाएगी।

वस्तुतः ऐसे में फिर प्रश्न यही है कि आखिर इतनी मस्जिदें या इबादतगाह होने के बाद केंद्रीय विद्यालय के भीतर मुसलमानों को क्यों मस्जिद बनाने की जरूरत आन पड़ी ? इस पर गहन विचार करने के बाद लगता है कि भोपाल की सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ने कोई गलत मुद्दा या प्रश्न नहीं सार्वजनिक किया है, बल्कि यह एक गंभीर चिंता का विषय है। जब वह यह पूछती हैं कि स्कूल के भीतर बच्चों के पेरेंट्स नहीं आ सकते तो नमाज पढ़ने के लिए लोग कैसे घुस रहे हैं ? तो उनका यह प्रशासन से पूछा जा रहा प्रश्न हर हाल में सही लगता है।

वैसे देखा जाए तो यदि नमाजियों की संख्या ज्यादा होने की स्थिति को देखते हुई उत्पन्न हुई गाड़ियों की पार्किंग समस्या पर विद्यालय के बाहर दुकान लगाने वालों को वहां से हटाने के लिए स्कूल प्रशासन ने धमकाया नहीं होता तो हो सकता है, इतना संवेदनशील और गंभीर मामला कहीं दबा ही रहता। यह तो अच्छा हुआ जो शिकायत सांसद तक पहुंच गई और समस्या की गंभीरता को भोपाल सांसद ने भी समझा तथा वे देश हित में सक्रिय हो उठीं।

यहां सवाल और भी हैं, अब यदि कोई कानून का विशेषज्ञ भारतीय संविधान के आधार पर जिसमें कि साफ तौर पर कहा गया है कि भारत में सभी धर्म के लोगों को आराधना करने की स्वतंत्रता है और उसकी नजर से सभी समान हैं, को लेकर यह मांग करे कि इस मस्जिद की तरह ही स्कूल के अंदर मंदिर और गुरुद्वारा, सिर्फ इतना ही क्यों, अन्य जैनी, बौद्ध, पारसी, यहूदी, आस्तिक और नास्तिक को माननेवाले हैं, उनकी भी इबादतगाह बने, तब क्या विद्यालय प्रशासन या सरकार विद्या के मंदिर में इस मांग को पूरा करने की अनुमति देगी ? यदि नहीं दे सकती है, तब फिर ऐसी स्थिति में इस मस्जिद को यहां क्यों होना चाहिए?

अभी कुछ पहले ही भोपाल में अवैध रूप से मजार बनाने का मामला सामने आया था। सिर्फ भोपाल ही क्यों देश भर में अनेक जिलों से ऐसी खबरें आए दिन सामने आती हैं कि कैसे रातोंरात किसी सुनसान या सड़क किनारें मजार खड़ी कर दी गई और उसे किसी सूफी बाबा का नाम दे दिया गया। इस पर भी जहां आम नागरिक जागश्त रहे, वहां से तो वे तत्काल हटा ली जाती हैं किंतु जहां किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, वहीं यह हमेशा के लिए स्थायी हो जाती हैं। ऐसे में फिर वे बातें जो अब आए दिन सुनाई देती हैं कि लव जिहाद के बाद देश में बड़े स्तर पर लैंड जिहाद भी चल रहा है, सच लगने लगती हैं। वैसे और भी कई जिहाद हैं जो चल रहे हैं, जैसे– जनसंख्या जिहाद, शिक्षा जिहाद, पीड़ित जिहाद, सीधा जिहाद और इसके आगे आर्थिक जिहाद, मीडिया जिहाद, एतिहासिक जिहाद, फिल्म और संगीत का जिहाद, धर्मनिरपेक्षता का जिहाद वस्तुतः आज ये सभी जिहाद देश में कहीं ना कहीं घटित होते आपको दिखाई दे जाएंगे।

वैसे जिहाद का अर्थ इस्लाम में बहुत व्यापक है। मुस्लिम धर्मगुरु मानते हैं कि इस शब्द को गलत नजरिये से पेश किया जाता रहा है जबकि कुरान में इसका जिक्र बहुत ही साफ है और वह है खुद की बुराइयों पर विजय पाना। स्वयं में बदलाव करने की बड़ी कोशिश। कुछ परिस्थितियों में जिहाद को अत्याचार के खिलाफ खड़ा होना भी बताया जाता है। दूसरी तरफ इसका अर्थ दीन–ए–हक की और बुलाने और उससे इनकार करनेवाले से जंग करने या संघर्ष करने को लेकर है। कुरान में 'जिहाद की सबी लिल्लाह' शब्द पैंतीस और 'कत्ल' 69 बार आया है' (जिहाद फिक्जेढ शन, पृ. 40)। हालांकि तीन चौथाई कुरान पैगम्बर मुहम्मद पर मक्का में अवतरित हुआ था, मगर यहाँ जिहाद सम्बन्धी पाँच आयतें ही हैं, अधिकांश आयतें मदीना में अवतरित हुईं। इतिहासकार डॉ. सदानन्द मोरे के अनुसार मदीना में अवतरित 24 में से, 19 सूराओं (संख्या 2, 3, 4, 5, 8, 9, 22, 24, 33, 47, 48, 49, 57–61, 63 और 66) में जिहाद को लेकर व्यापक चर्चा की गई है (इस्लाम दी मेकर ऑफ मेन, पृष्ठ 336)।

इसी प्रकार ब्रिगेडियर एस. के. मलिक ने जिहाद की दृष्टि से मदीनाई आयतों को महत्वपूर्ण मानते हुए इनमें से 17 सूराओं की लगभग 250 आयतों का 'कुरानिक कन्सेप्ट ऑफ वार' में प्रयोग किया है तथा गैर–मुसलमानों से जिहाद या युद्ध करने सम्बन्धी अनेक नियमों, उपायों एवं तरीकों को बड़ी प्रामाणिकता के साथ बतलाया है जो कि जिहादियों को भड़काने के लिए अक्सर प्रयोग की जाती हैं। डॉ. के. एस. लाल ने भी इस संदर्भ में बहुत शोधपरक कार्य किया है और वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि कुरान की कुल 6326 आयतों में से लगभग 3900 आयतें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष ढंग से अल्लाह और उसके रसूल (मुहम्मद) में 'ईमान' न रखने वाले 'काफिरों', 'मुश्रिकों और मुनाफिकों' से सम्बन्धित हैं।

वैसे देखा जाए तो जनसंख्या के हिसाब से इस्लाम में वह तबका बेहद छोटा है जो आतंकवाद या हिंसा से जिहाद को जोड़ता है, किंतु ये एक सच्चाई है कि आज सबसे अधिक प्रभावी यही नजर आ रहा है । दुनिया भर के देशों में इसके उदाहरण भरे पड़े हैं। यहां दो ही उदाहरण समझने के लिए पर्याप्त होंगे । वस्तुतः मुंबई में 2008 को घटित हुई आतंकी घटना 26/11 एक जिहाद थी, जिसमें करीब 160 लोगों की जान गई और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे और दूसरी घटना 11 सितंबर 2001 की है, जब दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति अमेरिका के न्यूयॉर्क में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकियों का हवाई हमला हुआ, जिसमें कि 2,977 लोगों की जान चली गई थी, कट्टर इस्लाम के अनुसार यह भी एक प्रकार का जिहाद था।

वस्तुतः यहां हम जिहाद की विस्तश्त व्याख्या के साथ पुनः अपने मूल विषय पर वापस आते हैं, जिसमें स्पष्ट तौर पर कहा जा रहा है कि जब देश भर में मस्जिदों की कोई कमी नहीं है, भोपाल में मुसलमानों की कुल जनसंख्या के अनुपात में अधिक मस्जिदें बन चुकी हैं, फिर क्यों इस्लाम पंथियों को आज सरकारी विद्यालय में इबादतगाह बनाने की आवश्यकता आन पड़ी है ? ऐसी संदेहास्पद परिस्थितियों को देखकर स्वाभाविक है, भारतीय संविधान में अपना विश्वास रखने वाले किसी भी व्यक्ति को गुस्सा आएगा।

सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने आज जो प्रश्न खड़े किए हैं, निश्चित ही वर्तमान हालातों में वे सही प्रतीत हो रहे हैं। अब मध्य प्रदेश प्रशासन को चाहिए कि वे तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करे जोकि विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा के लिए एक संकट के रूप में आज हमारे सामने है। इन सभी बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए कहना होगा कि सरकार को इस अवैध मस्जिद से विद्या के इस मंदिर केंद्रीय विद्यालय को तेजी के साथ मुक्त कर देना चाहिए। वस्तुतः इसी में सबका हित निहित है।

(लेखक फिल्म प्रमाणन बोर्ड एडवाइजरी कमेटी के पूर्व सदस्य एवं पत्रकार हैं।)

# अहोई अष्टमी: संतान की मंगलकामना का पर्व

दृयोगेश कुमार गोयल–

भारत में हिन्दू समुदाय में करवा चौथ के चार दिन पश्चात् और दीवाली से ठीक एक सप्ताह पहले एक प्रमुख त्यौहार 'अहोई अष्टमी' मनाया जाता है, जो प्रायः वही स्त्रियां करती हैं, जिनके संतान होती है किन्तु अब यह व्रत निःसंतान महिलाएं भी संतान की कामना के लिए करती हैं। 'अहोई अष्टमी' व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्ण अष्टमी को किया जाता है। स्त्रियां दिनभर व्रत रखती हैं। सायंकाल से दीवार पर आठ कोष्ठक की पुतली लिखी जाती है। उसी के पास सेई और सेई के बच्चों के चित्र भी बनाए जाते हैं। पश्थ्वी पर चौक पूरकर कलश स्थापित किया जाता है। कलश पूजन के बाद दीवार पर लिखी अष्टमी का पूजन किया जाता है। फिर दूध–भात का भोग लगाकर कथा कही जाती है।

आधुनिक युग में अब बहुत सी महिलाएं दीवारों पर चित्र बनाने के लिए बाजार से अहोई अष्टमी के रेडीमेड चित्र खरीदकर उन्हें पूजास्थल पर स्थापित कर उनका पूजन करती हैं। कार्तिक कृष्ण अष्टमी को महिलाएं अपनी संतान की दीर्घ आयु तथा उनके जीवन में समस्त संकटों या विघ्न–बाधाओं से उनकी रक्षा के लिए यह व्रत रखती हैं। कुछ स्थानों पर इस दिन धोबी मारन लीला का भी मंचन होता है, जिसमें श्रीकृष्ण द्वारा कंस द्वारा भेजे गए धोबी का वध करते प्रदर्शन किया जाता है। अहोई माता के रूप में अपनी–अपनी पारिवारिक परम्परानुसार लोग माता पार्वती की पूजा करते हैं।

अहोई अष्टमी व्रत के संबंध में कुछ कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कथानुसार प्राचीन काल में किसी नगर में एक साहूकार रहता था। उसके सात लड़के थे। दीपावली से पहले साहूकार की स्त्री घर की लीपा–पोती हेतु मिट्टी लेने खदान में गई और कुदाल से मिट्टी खोदने लगी। दैव योग से उसी जगह एक सेह की मांद थी। सहसा उस स्त्री के हाथ से कुदाल सेह के बच्चे को लग गई, जिससे सेह का बच्चा तत्काल मर गया। अपने हाथ से हुई हत्या को लेकर साहूकार की पत्नी को बहुत दुख हुआ परन्तु अब क्या हो सकता था ? वह पश्चाताप करती हुई शोकाकुल अपने घर लौट आई। कुछ दिनों बाद उसके बेटे का निधन हो गया। फिर अकस्मात दूसरा, तीसरा और इस प्रकार वर्ष भर में उसके सभी बेटे मर गए। महिला अत्यंत व्यथित रहने लगी। एक दिन उसने अपने आस–पड़ोस की महिलाओं को विलाप करते हुए बताया कि उसने जानबूझकर कभी कोई पाप नहीं किया। हां, एक बार खदान में मिट्टी खोदते हुए अनजाने में उससे एक सेह के बच्चे की हत्या अवश्य हुई है और तत्पश्चात मेरे सातों बेटों की मृत्यु हो गई। यह सुनकर पास–पड़ोस की वृद्ध औरतों ने साहूकार की पत्नी को दिलासा देते हुए कहा कि यह बात बताकर तुमने जो पश्चाताप किया है, उससे तुम्हारा आधा पाप नष्ट हो गया है। तुम उसी अष्टमी को भगवती माता की शरण लेकर सेह और सेह के बच्चों का चित्र बनाकर उनकी आराधना करो और क्षमा–याचना करो। ईश्वर की कृपा से तुम्हारा पाप धुल जाएगा। साहूकार की पत्नी ने वृद्ध महिलाओं की बात मानकर कार्तिक मास की कृष्णपक्ष की अष्टमी को उपवास व पूजा–याचना की। वह हर वर्ष नियमित रूप से ऐसा करने लगी। बाद में उसे सात पुत्र रत्नों की प्राप्ति हुई। तभी से अहोई व्रत की परम्परा प्रचलित हो गई।

अहोई व्रत के संबंध में एक और कथा प्रचलित है। बहुत समय पहले झांसी के निकट एक नगर में चन्द्रभान नामक साहूकार रहता था। उसकी पत्नी चन्द्रिका बहुत सुंदर, सर्वगुण सम्पन्न, सती साध्वी, शीलवन्त, चरित्रवान तथा बुद्धिमान थी। उसके कई पुत्र–पुत्रियां थे परन्तु वे सभी बाल अवस्था में ही परलोक सिधार चुके थे। दोनों पति–पत्नी संतान न रह जाने से बहुत व्यथित रहते थे। वे दोनों प्रतिदिन मन ही मन सोचते कि हमारे मर जाने के बाद इस अपार धन–सम्पदा को कौन संभालेगा ? एक बार उन दोनों ने निश्चय किया कि वनवास लेकर शेष जीवन प्रभु–भक्ति में व्यतीत करें।

यही विचार कर दोनों अपना घर–बार त्यागकर वनों की ओर चल दिए। रास्ते में जब थक जाते तो रुककर थोड़ा विश्राम कर लेते और फिर चल पड़ते। इस प्रकार धीरे–धीरे वे बद्रिका आश्रम के निकट शीतल कुण्ड जा पहुंचे। वहां पहुंचकर दोनों ने निराहार रहकर प्राण त्यागने का निश्चय कर लिया। निराहार व निर्जल रहते हुए जब उन्हें सात दिन हो गए तो आकाशवाणी हुई कि तुम दोनों प्राणी अपने प्राण मत त्यागो। यह सब दुख तुम्हें तुम्हारे पूर्व पापों से भोगना पड़ा है। यदि तुम्हारी पत्नी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में आने वाली अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजन करे तो अहोई देवी प्रसन्न होकर साक्षात दर्शन देंगी। तुम उनसे दीर्घायु पुत्रों का वरदान मांग लेना। व्रत के दिन तुम राधाकुण्ड में स्नान करना।

चन्द्रिका ने आकाशवाणी के बताए अनुसार विधि–विधान से अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजा–अर्चना की और तत्पश्चात राधाकुण्ड में स्नान किया। जब वे स्नान इत्यादि के बाद घर पहुंचे तो उस दम्पत्ति को अहोई माता ने साक्षात दर्शन देकर वर मांगने को कहा। साहूकार दम्पत्ति ने हाथ जोड़कर कहा, ''हमारे बच्चे कम आयु में ही परलोक सिधार जाते हैं। आप हमें बच्चों की दीर्घायु का वरदान दें।'' ''तथास्तु!'' कहकर अहोई माता अंतर्धयान हो गईं। कुछ समय के बाद साहूकार दंपति को दीर्घायु पुत्रों की प्राप्ति हुई और वे सुखपूर्वक अपना गश्हस्थ जीवन व्यतीत करने लगे।

देवी पार्वती को अनहोनी को होनी बनाने वाली देवी माना गया है, इसलिए अहोई अष्टमी पर माता पर्वती की पूजा की जाती है और संतान की दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की जाती है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# प्रियंका जो सपने यूपी को दिखा रही हैं पहले वह इन्हें कांग्रेस शासित राज्यों में पूरे करके दिखाएं

–अजय कुमार–

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव संग्राम जीतने के लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा जिस राह पर आगे बढ़ रही हैं, उससे लगता है कि प्रियंका कांग्रेस को जीत की ओर अग्रसर करने की बजाए अंधे कुएं में ढकेलती जा रही हैं। कहने को तो प्रियंका काफी मेहनत कर रही हैं, लेकिन प्रियंका की यह मेहनत 'बोझा ढोने' से अधिक नहीं है। प्रियंका वादों और आरोप–प्रत्यारोप की राजनीति में उलझ कर रह गई हैं, जबकि कोई भी चुनाव जीतने के लिए संगठन की ताकत और पार्टी के नेताओं का अपने नेता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना बेहद जरूरी होता है। लेकिन यूपी विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान से अभी तक कांग्रेस के बड़े कद्दावर नेता दूरी बनाए हुए हैं। यहां तक कि राहुल गांधी भी यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर कोई रूचि नहीं दिखा रहे हैं। सोनिया गांधी भी नदारद हैं। सोनिया की गैर–मौजूदगी को यह कहकर विराम नहीं दिया जा सकता है कि उनका स्वास्थ्य खराब है। यदि स्वास्थ्य की समस्या है तो फिर सोनिया कांग्रेस अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर कैसे अपनी ताजपोशी करा सकती थीं। राजनीति के कुछ जानकारों का तो यहां तक कहना है कि प्रियंका को यूपी में अकेला छोड़कर 'बलि का बकरा' बना दिया गया है। प्रियंका के खिलाफ साजिश के पीछे पार्टी में कौन–सी शक्तियां लगी हुई हैं, इसको लेकर भी अंदरखाने में कई नेताओं के नाम के साथ बहस छिड़ी हुई है। प्रियंका वाड्रा जिस तरह से गांधी परिवार को ओवर टेक करके आगे निकलने की कोशिश कर रही थीं, उसे यूपी चुनाव के नतीजे आने के बाद विराम मिल सकता है, यही बात पार्टी का एक धड़ा भी चाहता है, यह वह धड़ा है जो प्रियंका की 'तेजी' से खुश नहीं है।

बहरहाल, कांग्रेस की प्रतिज्ञा यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रियंका ने जिस तरह से वायदों की झड़ी लगा दी, उससे तो यही लगता है कि प्रियंका को भी इस बात का आभास हो गया होगा कि वह सत्ता की रेस में नहीं हैं। वर्ना प्रियंका जनता से कभी भी बे–सिर पैर वाले वायदे नहीं करतीं, जिसे पूरा किया जाना करीब–करीब असंभव है। आर्थिक मामलों के जानकार भी कह रहे हैं कि जैसे वायदे प्रियंका द्वारा किए जा रहे हैं, वैसे वायदे तो अमेरिका जैसे सम्पन्न देश भी पूरा नहीं कर सकते हैं। प्रियंका के वायदों को पूरा करने के लिए जितना धन चाहिए होगा, उतना तो कई देशों का सालान बजट होता होगा। कोई परिपक्व नेता तभी ऐसे वायदे कर सकता है, जब उसे अच्छी तरह से पता हो कि वह सत्ता की रेस में नहीं है। फिर प्रियंका जो सपने यूपी वालों को दिखा रही हैं, वह वो सपने वहां क्यों नहीं पूरा कर रही हैं, जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं। पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की बहुमत वाली सरकार है तो महाराष्ट्र और झारखंड में वह सरकार के गठबंधन का हिस्सा है, लेकिन कहीं भी ऐसे वायदों को लेकर कांग्रेस कुछ नहीं बोलती है, जैसे वायदे यूपी की जनता से किए जा रहे हैं। यदि कांग्रेस की अन्य राज्यों की सरकारें यह वायदे पूरे नहीं कर सकती हैं तो यूपी में कांग्रेस की सरकार बनने पर यहां प्रियंका के वायदे कैसे पूरे होंगे। बात वायदों की कि जाए तो बाराबंकी से शुरू हुई कांग्रेस की प्रतिज्ञा यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी ने सात प्रतिज्ञाओं का भी ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि यदि यूपी में कांग्रेस सत्ता में आती है तो लड़कियों को स्मार्ट फोन और स्कूटी दी जाएगी, किसानों का पूरा कर्जा माफ और आम जनता का कोरोना काल के दौरान का बिजली का बिल माफ कर दिया जाएगा, जबकि बाद के बिजली के बिल का आधा पैसा माफ किया जाएगा। वादों की झड़ी लगाते हुए प्रियंका गांधी ने यहां तक कहा है कि कोरोना के कारण आम आदमी के बिगड़े बजट को सुधारने के लिये हर परिवार को 25 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। वहीं 20 लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। धान और गेहूं का समर्थन मूल्य 2500 रुपये क्विंटल किया जाएगा। प्रियंका गांधी वाड्रा का इतने से मन नहीं भरा तो उन्होंने सोमवार को एक ट्वीट में कहा, 'कोरोना काल में और अभी प्रदेश में फैले बुखार में सरकारी उपेक्षा के चलते उप्र की स्वास्थ्य व्यवस्था की जर्जर हालत सबने देखी। सस्ते व अच्छे इलाज के लिए घोषणापत्र समिति की सहमति से यूपी कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि सरकार बनने पर हर बीमारी का 10 लाख रुपए तक इलाज सरकारी खर्चे पर होगा। इससे पूर्व प्रियंका ने लखनऊ में घोषणा की थी कि कांग्रेस द्वारा महिलाओं को 40 प्रतिशत टिकट दिया जाएगा। इतना ही नहीं प्रियंका ने यह भी कहा था कि उनकी पार्टी महिलाओं के लिए एक अलग घोषणा पत्र लाएगी। प्रियंका जिस अपरिपक्व तरीके से वोटरों को लुभाने के लिए वायदों का टोकरा खोले हुए हुए हैं, उसका शोर तो खूब सुनाई दे रहा है, लेकिन असर कहीं नहीं देखने को मिल रहा है।

सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि एक तरफ प्रियंका प्रदेश में सरकार बनाने का सपना देख रही हैं तो दूसरी तरफ यूपी में कांग्रेस से तमाम बड़े नेता किनारा करते जा रहे हैं। संगठन के लिए बड़े नेताओं का पार्टी छोड़ते जाना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। पार्टी छोड़ने वाले नेता इसका कारण संगठन नेतश्त्व से नाराजगी बता रहे हैं, पर अंदरखाने कहीं न कहीं चुनाव के लिहाज से सुरक्षित ठौर की तलाश उनके बाहर जाने की मूल वजह मानी जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, कांग्रेस को ठेंगा दिखाकर योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री बन चुके हैं। वहीं, चार पीढ़ियों के कांग्रेस में सेवा करने के बाद मड़िहान (मिर्जापुर) से विधायक रहे ललितेश पति त्रिपाठी का कांग्रेस छोड़ना पुरानी पीढ़ी के कांग्रेसियों में चर्चा का सबब बना हुआ है। चार पीढ़ियों से उनका परिवार कांग्रेस से न सिर्फ जुड़ा रहा, बल्कि सरकार और संगठन में अहम ओहदों पर भी रहा। उनके परबाबा स्वर्गीय कमला पति त्रिपाठी जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, वहीं दादा लोकपति त्रिपाठी प्रदेश सरकार में मंत्री, दादी चंदा त्रिपाठी सांसद और पिता राजेश पति त्रिपाठी एमएलसी रहे।

इसी तरह से राठ (हमीरपुर) से विधायक रहे गयादीन अनुरागी भी कांग्रेस को छोड़ सपा का दामन थाम चुके हैं। वह कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष भी थे। कोरी (दलित) जाति के अनुरागी ने पार्टी छोड़ते वक्त पार्टी नेतश्त्व की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा था कि कांग्रेस में वह असहज महसूस कर रहे थे। हाल में ही चार बार के विधायक और सांसद रहे हरेंद्र मलिक और उनके बेटे व पूर्व विधायक पंकज मलिक ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। शामली के रहने वाले यह पिता–पुत्र कांग्रेस के जाट चेहरों के रूप में पहचाने जाते थे। पंकज मलिक कहते हैं, 'पिताजी को कुछ नाराजगी थी। उन्होंने पार्टी छोड़ने का मन बनाया, तो मैंने भी कार्यकर्ताओं की इच्छा के अनुसार वही निर्णय लिया।' नाराजगी के मुद्दे पर बात किए जाने पर पंकज ने कहा कि शीघ्र ही इस बारे में खुलासा करेंगे। अकबरपुर (कानपुर देहात) से सांसद रहे राजाराम पाल भी कांग्रेस से किनारा कर सपा में शामिल हो चुके हैं। खास बात यह है कि वह हाल तक प्रियंका गांधी के सलाहकार समिति के सदस्य रहे थे। इसी तरह से वर्ष 2007–2012 के बीच कालपी (जालौन) से विधायक रहे विनोद चंद्र चतुर्वेदी ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्नाव से पूर्व सांसद अनु टंडन, अलीगढ़ से चार बार के विधायक और सासंद भी रहे ब्रजेंद्र सिंह भी सपा में जा चुके हैं। प्रतापगढ़ की पूर्व सांसद रत्ना सिंह, अमेठी के पूर्व सांसद संजय सिंह व उनकी पत्नी अमिता सिंह को भी जोड़ें तो कांग्रेस छोड़ने वालों की यह फेहरिस्त और लंबी हो जाएगी।

दुख की बात यह है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व और गांधी परिवार नेताओं के पार्टी छोड़ने को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नजर नहीं आ रहा है, जबकि एक समय कांग्रेस में किसी नेता के पार्टी छोड़ने की सुगबुगाहट पर उनको मनाने के लिए नेताओं की भीड़ लग जाती थी। गांधी परिवार की अपरिपक्वता के चलते ही पंजाब और राजस्थान कांग्रेस में भी सिर फुटव्वल मचा हुआ है। कांग्रेस के जी–23 के नेता वैसे ही नाराज चल रहे हैं।

# शाहरुख खान की मैनेजर पूजा ददलानी का पुराना पोस्ट वायरल, जिसमें आर्यन के लिए कही थी ढेरों बात

मुंबई, (वेब वार्ता)। शाहरुख खान का पूरा परिवार जो दर्द इस वक्त झेल रहा है, उसकी हिस्सेदार उनकी मैनेजर पूजा ददलानी भी हैं। पूजा ददलानी शाहरुख के साथ आर्यन खान के केस के दौरान मजबूती से खड़ी रही हैं और ऐक्टर की जगह अपनी भूमिका निभा रही हैं। चाहे आर्यन के अरेस्ट किए जाने के बाद एनसीबी दफ्तर पहुंचने की बात हो या कोर्ट में जाने की, पूजा ददलानी हर जगह शाहरुख की जगह नजर आई हैं। इसी बीच पूजा ददलानी का एक पुराना पोस्ट सोशल मीडिया पर छाया है, जिसमें उन्होंने आर्यन की तारीफ में कुछ शब्द कहे हैं। दरअसल यह पोस्ट पूजा ने साल 2019 में आर्यन खान के लिए किया था। इस तस्वीर में आर्यन के साथ पूजा ददलानी भी नजर आ रही हैं। पूजा ने आर्यन को बर्थडे विश करते हुए लिखा था, 'इनके पास अपने पापा जितनी प्रतिभा है, मां जैसा चार्म है और इनका सेंस ऑफ ह्यूमर कमाल का है।



सेंसिटिव लड़का है, जिसका दिल एकदम सही जगह है। सबसे बड़े लाड़ले आर्यन खान को जन्मदिन की ढेर सारी बधाई।'

बता दें कि साल 2012 से पूजा ददलानी शाहरुख खान की मैनेजर हैं, जो अब उनके परिवार का हिस्सा बन चुकी हैं। शाहरुख के सभी प्रफेशनल काम को पूजा ही हैंडल करती हैं। शाहरुख के पूरे परिवार से पूजा की बॉन्डिंग उनके सोशल मीडिया पोस्ट बयां करते हैं। पूजा ने वक्त–वक्त पर शाहरुख के सभी सदस्यों के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। कभी सुहाना के लिए कभी अबराम और कभी शाहरुख–गौरी के लिए भी पूजा ने पोस्ट में कई बार ढेरों बातें कही हैं।

# अली के साथ पहली बार शूटिंग करना सौभाग्य की बात : ऋचा चड्ढा

मुंबई, (वेब वार्ता)। अभिनेत्री ऋचा चड्ढा आगामी सीरीज कॉल माई एजेंट : बॉलीवुड में अपने प्रेमी अली फजल के साथ स्क्रीन



स्पेस साझा करती नजर आएंगी। वह इसे सौभाग्य की बात कहती हैं क्योंकि उन्होंने पहली बार अभिनेता के साथ शूटिंग की है। शाद अली द्वारा निर्देशित, कॉल माई एजेंटः बॉलीवुड, एक फ्रांसीसी शो का भारतीय रूपांतरण है, जिसमें अहाना कुमरा, आयुष मेहरा, रजत कपूर के साथ–साथ कई बॉलीवुड हस्तियां जैसे– फराह खान, अली, ऋचा, लारा दत्ता, दीया मिर्जा, जैकी श्रॉफ शामिल हैं। यह सीरीज 29 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। ऋचा ने कहा, पहली बार अली के साथ शूटिंग करना वास्तव में एक सौभाग्य था। मुझे फ्रेंच शो पसंद है। कॉल माई एजेंटः बॉलीवुड फ्रेंच मल्टी–सीजन शो, डिक्स पौर सेंट (टेन पर सेंट) से प्रेरित है। यह शो ग्लिट्ज, ग्लैमर और ड्रामा की दुनिया में प्रफुल्लित करने वाली झलक पेश करता है। ऋचा ने कहा, निर्देशक विचारों के लिए इतने खुले थे, उन्होंने हमें सुधार करने और हास्य पंक्तियों के साथ आने की अनुमति दी।

# कांग्रेस में शामिल हुई टीवी अभिनेत्री काम्या पंजाबी

मुंबई,(वेब वार्ता)। टेलीविजन की जानी–मानी अभिनेत्री काम्या पंजाबी के बुधवार को यहां पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस को ग्लैमर का एक नया डोज मिल गया है।



मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष भाई जगताप और चरण सिंह सपरा जैसे अन्य नेताओं ने पार्टी में पंजाबी का स्वागत किया। रियलिटी शो बिग बॉस–7 (2013) में अपनी उपस्थिति के साथ सुर्खियां बटोरने वाली पंजाबी दो दशकों से अधिक समय से मनोरंजन उद्योग में काम कर रही है और उन्होंने राजनीति में शामिल होने और जनता की सेवा करने की इच्छा व्यक्त की थी। कांग्रेस कार्यकर्ता नीरज भाटिया और अन्य नेताओं ने सोशल मीडिया पर उनके पार्टी में शामिल होने की तस्वीरें साझा कीं। 42 वर्षीया काम्या ने बनूं मैं तेरी दुल्हन, मयार्दाः लेकिन कब तक, शक्ति–अस्तित्व के एहसास की, रेठी, अस्तित्वकृएक प्रेम कहानी, पिया का घर और क्यूं होता है प्यार सहित कई टेलीविजन धारावाहिकों में काम किया है। इसके अलावा, उन्होंने ना तुम जानो ना हम, यादें, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, कोई. मिल गया जैसी बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। इसके साथ ही उन्होंने मेहंदी मेहंदी म्यूजिक वीडियो और एक नाटक (प्ले) पजामा पार्टी में भी अभिनय किया है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नरमी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल डीजल में उबाल जारी

नयी दिल्ली, (वेब वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गुरूवार को कच्चे तेल के उच्चतम स्तर से फिसलने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार दूसरे दिन उबाल जारी रहा। इन दोनों की कीमतों में 35–35 पैसे प्रति लीटर की बढोतरी की गयी जिसके बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 108.29 रुपये प्रति लीटर और डीजल 97.02 रुपये प्रति लीटर के सर्वकालिक रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया। मुंबई में पेट्रोल 114.14 रुपये और डीजल 105.12 रुपये प्रति लीटर पर, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पेट्रोल सबसे महंगा 116.98 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 106.38 रुपये प्रति लीटर पर, पटना में पेट्रोल 112.04 रुपये और डीजल 103.64 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरू में पेट्रोल 112.06 रुपये और डीजल 102.98 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। कोलकाता में भी पेट्रोल के 108.78 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल भी 100.14 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच चुका है।राँची में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मात्र 18 पैसे का अंतर रह गया है। पेट्रोल 102.54 रुपये और डीजल 102.36 रूपये प्रति लीटर पर है। दिल्ली एनसीआर के नोएडा में पेट्रोल 105.44 रुपये और डीजल 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। अभी देश के सभी प्रमुख शहरों में पेट्रोल की कीमत 100



रुपये प्रति लीटर को पार कर चुकी है। अधिकांश शहरों में डीजल भी शतक लगा रहा है। इस महीने में अब तक 28 दिनों में से 21 दिन इन दोनों की कीमतों में बढोतरी हुयी है। इस महीने में अब तक पेट्रोल 6.65 रुपये प्रति लीटर और डीजल 7.25 रुपये प्रति लीटर महंगा हो चुका है। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारण करने वाली कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने अगले साल तक ब्रेंट क्रूड के 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने की रिपोर्ट के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुधवार को अमेरिका में कच्चे तेल में भारी गिरावट रही। इसके साथ ही गुरूवार को सिंगापुर में कच्चे तेल में कारोबार नरमी के साथ शुरू हुआ। ब्रेंट क्रूड 2.09 डॉलर उतरकर 82.49 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.79 डॉलर फिसलकर 80.87 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 108.29 रुपये प्रति लीटर और डीजल 97.02 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। पेट्रोल–डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

# सुरक्षाबलों ने बारामूला में एक आतंकवादी को किया ढेर

श्रीनगर, (वेब वार्ता)। जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में गुरूवार की सुबह सुरक्षाबलों के साथ हुई गोलीबारी में एक स्थानीय आतंकवादी मार गया। पुलिस ने आज यहां बताया कि बारामूला शहर के बाहरी इलाके में चेरदारी में सेना और पुलिस दल के साथ हुई गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया है। पुलिस ने ट्वीट कर कहा, "आतंकवादी ने बारामूला के चेरदारी में सेना और पुलिस के एडीपी पर गोलीबारी की, सतर्क जवानों की कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस को उसके पास से एक पिस्टल, लोडेड मैग्जीन और पाकिस्तान में निर्मित हथगोला बरामद हुआ है। पुलिस ट्वीटर पर कश्मीर के पुलिस महानिदेशक के ट्वीट के हवाले से कहा कि मारे गए आतंकवादी की पहचान जावेद अहमद वानी, कुलगाम निवासी के रूप में हुई है। उसने दो अक्टूबर को कुलगाम के वानपोह में प्रवासी श्रमिकों की हत्या को लेकर आतंकवादियों की मदद की थी। वह बारामूला में एक दुकानदार को निशाना बनाने जा रहा था। सुरक्षाबलों ने केन्द्र शासित प्रदेश में प्रवासी श्रमिको की सुरक्षा के अभियान चलाया हुआ है और अभियान के तहत इस महीने 19 आतंकवादी मारे गये है।

# निर्मला सीतारमण रोम में जी–20 के वित्त, स्वास्थ्य मंत्रियों की संयुक्त बैठक में हिस्सा लेंगी

नयी दिल्ली, (वेब वार्ता)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 29 अक्टूबर को रोम में जी–20 देशों के वित्त और स्वास्थ्य मंत्रियों की एक संयुक्त



बैठक में हिस्सा लेंगी, जिसमें अन्य विषयों के अलावा कोविड महामारी की रोकथाम और प्रतिक्रिया पर चर्चा की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने ट्विटर पर लिखा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोम में जी–20 के वित्त और स्वास्थ्य मंत्रियों की संयुक्त बैठक में हिस्सा लेने के लिए आधिकारिक यात्रा शुरू की जिसमें कोविड–19 की रोकथाम, उसके खिलाफ तैयारी और प्रतिक्रिया को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की जाएगी। यह बैठक रोम में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन से पहले होगी। जी–20 देशों के वित्त और स्वास्थ्य मंत्री इस बात पर चर्चा करेंगे कि महामारी को लेकर प्रतिक्रिया को कैसे तेज रखा जाए तथा स्वास्थ्य एवं वित्त मंत्रालयों के बीच और समन्वय की व्यवस्था को कैसे बढ़ावा दिया जाए। जी–20 देशों के वित्त और स्वास्थ्य मंत्री इटली की अध्यक्षता में अपनी पहली संयुक्त बैठक के लिए रोम में इकट्ठा होंगे। इटली के अर्थव्यवस्था एवं वित्त मंत्री डेनियल फ्रेंको और स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्टो स्पेरांजा बैठक की सह–अध्यक्षता करेंगे। बैठक 30–31 अक्टूबर, 2021 को रोम में होने वाले जी20 लीडर्स समिट (जी–20 शिखर सम्मेलन) की पूर्व संध्या पर होगी।

# मैनचेस्टर सिटी का शूटआउट में हार से लीग कप में चार साल की बादशाहत खत्म

मैनचेस्टर, (वेब वार्ता)। मैनचेस्टर सिटी की इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट में पिछले चार साल से चली आ रही बादशाहत बुधवार को यहां वेस्ट हैम से पेनल्टी शूटआउट में मिली हार के साथ समाप्त हो गयी। वेस्ट हैम ने प्री क्वार्टर फाइनल का यह उसने 2017–18 से हर सत्र में इस टूर्नामेंट में खिताब जीता था। इस बीच लिवरपूल, टोटैनहैम और लीस्टर सिटी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। चेल्सी और आर्सनल पहले ही अंतिम आठ में पहुंच चुके हैं। लिवरपूल ने ताकुमी मिनामिनो और डिवोक ओर्गी के



मैच 5–3 से जीता। दोनों टीमें निर्धारित समय में गोल करने में असफल रही थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। फिल फोडन ने सिटी की तरफ पहली पेनल्टी ली लेकिन उनका शॉट बाहर चला गया। टीम को यह महंगा पड़ा क्योंकि वेस्ट हैम ने अपनी सभी पेनल्टी को गोल में बदला। सिटी की लीग कप में पांच साल में यह पहली हार है। दूसरे हॉफ में किये गये गोल की मदद से दूसरी डिवीजन की टीम प्रेस्टन को 2–0 से हराया। लीस्टर ने ब्राइटन को पेनल्टी शूटआउट में 4–3 से पराजित किया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2–2 से बराबरी पर थी। टोटैनहैम ने लुकास मोरा के गोल से बर्नली को 1–0 से हराया जबकि ब्रेंटफोर्ड ने इवान टोनी के शानदार खेल से स्टोक को 2–1 से पराजित किया।

## 62 वाँ अवतरण दिवस मंदिर परिसर में बहुत ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अवध की आवाज

सिधौली (सीतापुर) स्थानीय कस्बे में स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव धाम सिधौली व श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति के प्रबंधक स्वामी प्रकाशानंद सरस्वती महाराज के 62 वाँ अवतरण दिवस मंदिर परिसर में बहुत ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वामी प्रकाशानंद महाराज के अवतरण पर श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के महंत श्री श्री 108 पवन गिरि महाराज जी बनगढ़ आश्रम संत सन्तोष दास खाकी जी महाराज, बाराबंकी से राजेन्द्र तिवारी व लुधियाना से पधारे संत शिवतीर्थ महराज जी ने स्वामी प्रकाशानंद सरस्वती जी का माल्यार्पण किया उनको मिष्ठान खिलाकर और उनके अवतरण दिवस बधाई व शुभकामनायें दी। महाराज जी के शिष्यों ने भी उनके अवतरण दिवस पर भी उनका पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।अपने भू अवतरण दिवस पर मंदिर के प्रबंधक स्वामी प्रकाशानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करने से प्रभु प्रसन्न होते है इसलिए हमें असहाय दीन दुखियों की मदद बढ़ चढ़कर करनी चाहिए। और उन्होंने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। स्वामी प्रकाशानंद सरस्वती जी के भू अवतरण दिवस पर मंदिर प्रांगण में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। महाराज जी की माता जी के



द्वारा तिलक लगाया गया। महिलाओं के द्वारा सुन्दर सुंदर भजन गाये गये। इस अवसर पर महंत पवनगिरि महाराज जी, सन्तोषदास खाकी महाराज, शिवतीर्थ महाराज लुधियाना, दिनेश दीक्षित,पंकज अवस्थी, कन्हैयालाल दीक्षित,श्री प्रकाश कौशल,हरिकिंकर मिश्रा,अनिल मिश्र,विजय शर्मा लखनऊ विपिन मिश्रा,सागर दीक्षित,वेद मिश्र, जाग्रत मिश्रा,पं दयाशंकर त्रिपाठी शीलू बाजपेई रिंकू,नीरज व धीरज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# यूपी में आप पार्टी नवंबर से शुरू करेगी चुनाव अभियान

लखनऊ, (वेब वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए नवंबर के अंत में लखनऊ में एक मेगा रैली के साथ अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करेगी। रैली को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल संबोधित करेंगे। आप नेता अपनी हालिया बिजली यात्रा के दौरान मिली प्रतिक्रिया को लेकर उत्साहित हैं, जिसमें उन्होंने लोगों से मुफ्त बिजली, मुफ्त शिक्षा और मुफ्त स्वास्थ्य के पार्टी के चुनावी वादों के बारे में बात की थी। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा, हमारे आंतरिक सर्वेक्षण आप के पक्ष में एक बहुत ही सकारात्मक रुझान दिखा रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम लोगों के मौजूदा मूड को भुनाने का प्रयास करें। केजरीवाल पहले पंजाब और उत्तराखंड में विधानसभा चुनावों पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे, जहां उत्तर प्रदेश के चुनावों के समय के आसपास होने की संभावना है। लेकिन अब, हमें राज्य से जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है, केजरीवाल के यहां अधिक समय बिताने की संभावना है। तथ्य यह है कि केजरीवाल की अयोध्या यात्रा के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। इस तथ्य से स्पष्ट है कि उन्होंने पवित्र शहर को धार्मिक स्थलों की सूची में शामिल किया है, जिसके लिए दिल्ली सरकार एक विशेष तीर्थ यात्रा योजना चलाने की योजना बना रही है। पदाधिकारी ने कहा, हम उम्मीद नहीं कर रहे थे कि योगी आदित्यनाथ केजरीवाल की हाल की अयोध्या यात्रा के बारे में बोलेंगे, लेकिन तथ्य यह है कि उन्होंने हमारे बारे में बात करने में इतना समय बिताया है, इसका मतलब है कि आप ने एक मजबूत उपस्थिति बनाई है, जो सत्तारूढ़ पार्टी को परेशान कर रही है। केजरीवाल ने आदित्यनाथ की टिप्पणियों के जवाब में ट्वीट भी किया, जिसमें पूछा गया कि अगर दिल्ली के लोगों को अयोध्या तक आसान पहुंच दी जाती है तो उनकी समस्या क्या है। लखनऊ के बाद आप उन क्षेत्रों में रैलियां करेगी जहां उसे लगता है कि उसके जीतने की अच्छी संभावना है।



कानपुर परिक्षेत्र के भूतपूर्व आईजी श्री मोहित अग्रवाल का लखनऊ तबादला होने पर कानपुर शहर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ हेमंत मोहन व डॉ आरती मोहन ने आज आईजी निवास जाकर आईजी श्री मोहित अग्रवाल को नगर में उनके कार्यकाल के लिए बधाई देते हुए उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर डॉ हेमंत मोहन के सुपुत्र विठ्ठल मोहन भी उपस्थित रहे।

## आसियान की एकता भारत के लिए प्राथमिकता रही है: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बशहस्पतिवार को कहा कि दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन आसियान (एएसईएएन) की एकता और केन्द्रीयता भारत के लिए हमेशा प्राथमिकता रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल माध्यम से आयोजित भारत–आसियान शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत की हिंद–प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) और हिंद प्रशांत के लिए आसियान का दृष्टिकोण इस क्षेत्र में उनके साझे नजरिए एवं आपसी सहयोग की रूपरेखा हैं। उन्होंने कहा कि 2022 में भारत और आसियान की साझेदारी को 30 वर्ष पूरे हो जाएंगे और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को 'आसियान–भारत मित्रता वर्ष' के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड–19 के प्रकोप के बीच आपसी सहयोग भारत और आसियान के संबंधों को भविष्य में मजबूत करता रहेगा।

# जालौन पुलिस को मिली सफलता तीन अभियुक्तों को पकड़कर भेजा जेल

अवध की आवाज

उरई (जालौन) जनपद जालौन के माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैलोर में दो दिन पहले परिवार को नशीला पदार्थ खिलाकर अचेत करने के बाद अष्टधातु की राधाकृष्ण की कीमती मूर्ति चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर मूर्तियां बरामद कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूर्ति चोरी का खुलासा करते हुए जालौन एसपी रवि कुमार ने बताया कि ग्राम कैलोर में राजबहादुर सिंह के घर उसके बेटे के दोस्त बनकर आए युवक ने समोसा व जूस में नशीली गोलियां मिलाकर परिवारीजनों को खिला दी थी। जिससे परिवारीजन अचेत हो गए थे। इसके बाद आरोपी ने अपने तीन साथियों के साथ घर में बने प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर से बेशकीमती अष्टधातु की मूर्तियां चोरी कर ली थी। राज बहादुर सिंह की तहरीर पर माधौगढ़ कोतवाली में नीरज कुर्मी निवासी कोंच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। चोरी खुलासे के लिए एसओजी सर्विलांस थाना पुलिस को लगाया गया था। पुलिस ने बुधवार की सुबह सिंचाई विभाग के गेस्टहाउस बंगरा के पास से बीरू प्रजापति निवासी सामुही थाना सजेती, नरेंद्र कुमार निवासी रेठारी थाना कुरारा जनपद हमीरपुर व आनंद कुमार निवासी पाटनपुर थाना विमार हमीरपुर को चोरी गई मूर्तियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि मुख्य आरोपी नीरज फरार हो गया। चोरों के पास से पुलिस ने एक बाइक भी बरामद की है। पकड़े गए आरोपी बीरू ने पूछताछ में बताया कि नीरज उरई जेल में बंद था। तभी उसकी दोस्ती राजबहादुर के पुत्र राजा से हो गई थी। जेल से छूटने के बाद नीरज राजबहादुर के घर भी आने जाने लगा था। तभी उसने घर के मंदिर में मूर्तियां देख कर चोरी की योजना बनाई और 24 अक्तूबर को सभी ने मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल प्रवीण कुमार, उपनिरीक्षक कमलेश प्रजापति, कुलभूषण सिंह, जीतेन्द्र सिंह, नरेश सिंह सहित तीनों टीमों के पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954
मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
R.N.I.- UPHIN/2012/45127
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।